दिन– मंगलवार दिनांक– 09 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. नेपाल में जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दिया।

02. हिंसक विरोध को देखते हुए बिहार के सीमावर्ती जिलों सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में चौकसी बढ़ाई गयी। सीमा पार आने–जाने वालों पर रखी जा रही है विशेष नजर।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह सितम्बर को पूर्णिया हवाई अड्डे से यात्री विमानों के परिचालन की शुरूआत करेंगे। जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

04. और, एनडीए उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन उप राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित।

---

नेपाल में जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नेपाल में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के मुद्दे के साथ–साथ फेसबुक, वाट्सएप और एक्स समेत छब्बीस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध के बाद से युवाओं का हिंसक प्रदर्शन जारी है। नेपाल सरकार के मुख्य सचिव, नेपाल की सेना और वरीय अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। प्रमुख राजनीतिक दल वर्तमान स्थिति में शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए चर्चा कर रहे हैं। इधर, आज प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास और गृह मंत्री के निजी आवास समेत कई जगहों पर आगजनी और तोड़–फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की। वहीं, वित्त मंत्री विष्णु पौडोल के साथ भी मारपीट की गयी। काठमांडू के अलावा विराट नगर, पोखरा और जनकपुर समेत कई प्रमुख शहरों में प्रदर्शन हो रहा है।

---

इधर, भारतीय विदेश मंत्रालय ने नेपाल में बिगड़ते हालात को देखते हुए भारतीय नागरिकों को नेपाल जाने से बचने की सलाह दी है। साथ ही जो भारतीय नेपाल में हैं, उन्हें सावधानी बरतते हुए अपने मौजूदा ठिकाने पर ही रहने को कहा गया है। किसी भी सहायता के लिए काठमांडू में भारतीय दूतावास से संपर्क करने का परामर्श दिया

गया है। इस बीच, हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए काठमांडू स्थित त्रिभुवन हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि बिहार के सीमावर्ती जिलों पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में चौकसी बढ़ा दी गयी है। सीमा पार आने–जाने वालों पर एसएसबी और पुलिस विशेष नजर रख रही है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह सितम्बर को एक दिवसीय दौरे पर पूर्णिया आ रहे हैं। श्री मोदी पूर्णिया हवाई अड्डे से यात्री विमानों के परिचालन की शुरूआत करेंगे। साथ ही वे कई अन्य विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

———बाइट———

---

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल बिहार दौरे पर आ रही हैं। वित्त मंत्री कटिहार जिले के हसनगंज चंदेली भर्रा गांव में मखाना किसानों के साथ संवाद करेंगी। इसके बाद वे कटिहार इंजीनियरिंग कॉलेज में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में शामिल होंगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वाधीनता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिवाली से पहले वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में नए सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी। जीएसटी में सुधार आम आदमी पर केंद्रित हैं और बाईस सितम्बर से लागू होंगे। आज हम बात करेंगे सेवा और पर्यटन क्षेत्र में किए गए सुधारों के बारे में। एक रिपोर्ट–

———रिपोट———

---

राज्य मंत्रिमंडल ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने बताया कि अब आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रतिमाह नौ हजार रुपये और आंगनबाड़ी सहायिकाओं को साढ़े चार हजार रुपये मानदेय मिलेगा। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था अगले महीने से प्रभावी होगी।

---बाइट---

श्री चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने राजस्व कर्मचारी के तीन हजार तीन सौ तीन अतिरिक्त पदों के सृजन को स्वीकृति दी है।

---बाइट---

कैबिनेट ने पटना में जीविका के मुख्यालय भवन के निर्माण के लिए तिहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। साथ ही मंत्रिमंडल ने आठ हजार तिरेपन ग्राम पंचायतों में विवाह मंडप के निर्माण के लिए पचास करोड़ रुपये की अग्रिम स्वीकृति दी है।

---

सी. पी. राधाकृष्णन देश के नये उपराष्ट्रपति होंगे। उन्होंने महागठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को एक सौ बावन मतों के अंतर से हराया। आज हुए मतदान में एनडीए उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन को चार सौ बावन मत मिले, जबकि बी. सुदर्शन रेड्डी को तीन सौ वोट मिले। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उप राष्ट्रपति चुने जाने पर सी.पी. राधाकृष्णन को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

बिहार विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमिटी की आज दिल्ली में बैठक हो रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हो रही इस बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, विधानसभा में पार्टी के नेता शकील अहमद खान और विधान परिषद दल के नेता मदन मोहन झा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद हैं।

---

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तरी हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश हुयी है। किशनगंज के तैयबपुर में सबसे अधिक एक सौ सत्रह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज किशनगंज, भागलपुर और बेगूसराय जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

———बाइट———

---

चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में रिक्तियों की संख्या बढ़ाने समेत अन्य मांगों को लेकर अभ्यर्थियों ने आज पटना में विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी पटना कॉलेज परिसर से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए निकले थे। डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने सभी को रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। साथ ही उन्हें तितर–वितर करने के लिए वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया गया। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी टीआरई–फोर के तहत एक लाख बीस हजार सीटों के लिए नियुक्ति परीक्षा आयोजित करने की मांग कर रहे थे। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने शिक्षक दिवस पर छब्बीस हजार सीटों के लिए परीक्षा आयोजित कराने की घोषणा की थी।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने बेगूसराय और मधेपुरा जिले से तीन सरकारी कर्मियों को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। बेगूसराय जिले के डंडारी के अंचलाधिकारी राजीव कुमार को डेढ़ लाख रुपये और डाटा इंट्री ऑपरेटर कुंदन कुमार को पचास हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों शिकायकर्ता से जमीन के कागजात सही कराने की एवज में घूस ले रहे थे। वहीं, निगरानी की टीम ने मधेपुरा जिले के मठाई पुलिस शिविर प्रभारी मितेंद्र प्रसाद मंडल को बीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

---

अररिया जिले के जोगबनी सीमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ढाला के पास से एसएसबी की टीम ने नशीली दवा की खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, उत्पाद विभाग की टीम ने जहानाबाद जिले टोल प्लाजा के पास एक कार से भारी

मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दूसरी तरफ, मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

कटिहार जिले के पोठिया थाना क्षेत्र के गुदरी स्थान के पास से पुलिस ने दो तस्करों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीस पिस्तौल, अर्धनिर्मित हथियार, एक मोटरसाईकिल और एक मोबाईल फोन बरामद किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. नेपाल में जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दिया।

02. हिंसक विरोध को देखते हुए बिहार के सीमावर्ती जिलों सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में चौकसी बढ़ाई गयी। सीमा पार आने–जाने वालों पर रखी जा रही है विशेष नजर।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह सितम्बर को पूर्णिया हवाई अड्डे से यात्री विमानों के परिचालन की शुरूआत करेंगे। जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

04. और, एनडीए उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन उप राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।